हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 27 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 कारगिल युद्ध के शहीद को छात्रों ने किया नमन



14 लोकेंद्र ने 18 शहीदों की प्रतिमा अनावरण के लिए पूर्व...








## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने किया जिला सत्र न्यायालय का निरीक्षण



**बालोद।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधीश पार्थ प्रतिम साहू जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद के निरीक्षण पर पहुंचे। जहां उन्होंने न्यायालय में स्थित कार्यालयों व न्यायालय में कार्यरत कर्मचारियों की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ बालोद द्वारा अधिवक्ता कक्ष में न्यायाधीश पार्थ प्रतिम साहू का प्रतिक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। अधिवक्ता कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिले के अधिवक्ता उपस्थित थे।

### अब बगैर पास के शिव महापुराण कथा सुन सकेंगे श्रोता



**बालोद।** पं. प्रदीप मिश्रा के पुत्र राघव मिश्रा की शिव महापुराण कथा शहर के माहेश्वरी भवन में आयोजित है। शिव महापुराण कथा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के मुख्य यजमान एवं मुख्य आयोजक अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद संतोष प्रतिभा चौधरी ने मंच से कहा कि चतुर्थ दिवस की कथा में पास की व्यवस्था नहीं होगी। सभी श्रद्धालुजन कथा समय से पूर्व आकर अपना यथा स्थान ग्रहण कर कथा का श्रवण लाभ लेंगे। श्रावण मास की पावन पुनीत अवसर पर शेष पेज 12 पर

## समस्या : नगर में बीमारियों का खतरा मंडराया

# झमाझम बारिश से बहकर आई माइंस की फाईस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

झमाझम बारिश के चलते दल्लीराजहरा शहर की निचली बस्तियों में भारी पानी भर गया है। शहर के नाले अब सामान्य पानी नहीं, बल्कि लाल रंग के खतरनाक पानी से लबालब हो गए हैं। यह पानी सीधे माइंस से बहकर आ रही फाईस के कारण लाल हो गया है, जो अब नालों और घरों तक पहुंचने लगा है।

दल्लीराजहरा शहर के स्थानीय लोगों में इसे लेकर गहरी चिंता देखी जा रही है। शहरवासी इसे लाल पानी के नाम से जानने लगे हैं और यह अब दल्लीराजहरा की एक नई पहचान बनती जा रही है, लेकिन ये पहचान खतरनाक स्वास्थ्य संकट का संकेत है। वरिष्ठ चिकित्सकों ने चेतावनी दी है कि यह लाल पानी आमजन के लिए घातक साबित हो सकता है। इसमें भारी मात्रा में खनिजीय अवशेष और रासायनिक तत्व घुले होने की आशंका है, जो चर्म रोग, पेट संक्रमण, लिवर, फेफड़े और त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियों को जन्म दे सकते हैं।



**वरिष्ठ चिकित्सक डा. शैबाल जाना की सलाह-** लाल पानी से नहाना, कपड़े धोना या किसी भी प्रकार की निस्तारी ना करें, बच्चों और बुजुर्गों को इस पानी से दूर रखें, अगर किसी को खुजली, जलन, या बुखार जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल चिकित्सीय सलाह लें।

## अंचल में मूसलाधार बारिश, घरों में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

ब्लॉक व नगर पंचायत में लगातार दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त है। पूरा ब्लॉक जलमग्न हो गया है। नदी, तालाब, छोटे-छोटे पोखरा सभी भर गये है। वार्ड 11 बंधिया पारा के दर्जनों घरों में पानी घुस गया, जिससे नगरवासियों को नुकसान परेशान है। नगर के प्रदीप लटिया, मनोज लटिया के घर में पानी घुस गया। जिस दौरान पानी घर में घुसा, उस समय पूरा परिवार रात में सो रहा था। अचानक घरों में पानी घुस जाने से पूरा परिवार जैसे मोटर पम्प से पानी निकाले, जिससे थोड़ी राहत मिली। पानी भरने से अनाज सहित कई सामग्री खराब हो गई। वही पलंग, अलमारी में भी पानी घुस गया। जिससे परिवार को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



## आंबा का भवन जर्जर, टपक रहा पानी सामुदायिक भवन में बैठ रहे हैं बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड के ग्राम पंचायत टेंगना बरपारा का आंगनबाड़ी भवन जर्जर हो चुका है। बच्चों के भविष्य को देखते हुए सतनामी समाज के जैतखाम के पास सामुदायिक भवन में बैठने की व्यवस्था की गई है। बारिश में छत से पानी टपकता है।

ग्रामीण प्रदीप कुमार पटेल, उपसरपंच संदीप सिन्हा, रामसिंह ठाकुर, भानुशंकर सिन्हा, घुरऊ राम पटेल ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन के दीवाल में दरार आने लगी है। यहां बच्चों को बैठाना ठीक नहीं है। पूर्व सरपंच पवर सिंह यादव ने बताया कि एक वर्ष पूर्व मैने भी महिला बाल विकास विभाग में इसकी शिकायत की थी, लेकिन आज तक विभाग चुप्पी साधे हुए हैं। टोपसाय निषाद, एनू राम ठाकुर, हिरदे राम सिन्हा, दया सिन्हा ने बताया कि भवन बहुत पुराने हो जाने के कारण जर्जर हो चुका है। बारिश में पानी सीपेज होता है। इस कारण नौनिहाल बच्चों यहां बिठाना उचित नहीं है, इसलिए ग्रामीण विचार करके मंगल भवन में बिठा रहे हैं। लगातार बारिश से पानी टपकता है। सरपंच लक्ष्मी पटेल ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के अलावा बालोद जनदर्शन में कलेक्टर से भी आंगनबाड़ी भवन की मांग की गई हैं।

## अस्थि विसर्जन कर लौटते वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त, एक ही परिवार के 9 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के केरी जुंगेरा के रहने वाले एक व्यक्ति के निधन के बाद अस्थि विसर्जन कर वापस लौट रहे उनके बेटे, बेटी सहित परिवार के अन्य सदस्य हादसे का शिकार हो गये। इसमें गाड़ी में सवार सभी नौ लोग घायल हो गये।





दरअसर 20 जुलाई को बालोद जिले के केरी जुंगेरा के रहने वाले सुमेर सिंह टेकाम का निधन हो गया। जिसके दाह संस्कार के बाद उनका अस्थि विसर्जन करने के लिए उनके परिवार के नौ सदस्य चार पहिया वाहन से इलाहाबाद गये। जहां से वापस लौटने के दौरान रात लगभग तीन बजे रायगढ़ गांव के पुल के पास पहुंचे तो गाड़ी अनियंत्रित हो गई और पुल में जा गिरी। घटना के बाद गाड़ी में सवार सभी नौ लोग बुरी तरह घायल हो गये। इसमें सुन्दर सिंह टेकाम 60 वर्ष, तिरपाल सिंह टेकाम 33 वर्ष, यामिनी टेकाम 28 वर्ष, देवनारायण सिंह टेकाम 27 वर्ष, भूमिका टेकाम 14 वर्ष, मदन मण्डावी 58 वर्ष, रामकुंवर मंडावी 45 वर्ष, शेष पेज 12 पर

## दल्ली राजहरा में खुलेगा केंद्रीय विद्यालय

**दल्लीराजहरा।** वर्षों की मांग, आंदोलन और जनजागरण का आखिरकार असर हुआ — दल्ली राजहरा सहित पूरे बालोद जिले को केंद्रीय विद्यालय की बहुप्रतीक्षित सौगात मिलने जा रही है। हरिभूमि की खबर और जनआंदोलन की गूंज से प्रशासन हरकत में आया है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने अधिकारियों की विशेष बैठक लेकर 15 अगस्त तक सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। केन्द्रीय विद्यालय का संचालन फिलहाल बीएसपी स्कूल क्रमांक 6 के भवन में अस्थाई रूप से किया जाएगा।



- हरिभूमि की खबर का असर रंग लाया, तैयारी शुरू

कलेक्टर मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि भवन की मरम्मत, रंग-रोगन, साज-सज्जा एवं सुरक्षा सहित सभी आवश्यक कार्य विद्यालय की गरिमा के अनुरूप युद्धस्तर पर पूरे किए जाएं। बैठक में मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एसडीएम डौंडी सुरेश साहू, भिलाई स्टील प्लांट के सीजीएम खैरवार, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, लोक निर्माण विभाग के अभियंता व अन्य प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार के अवसर, और आर्थिक गतिविधियों में तेजी की उम्मीद जग चुकी है।

## एल्डरमैन की कुर्सी पर राजनीति दांवपेंच जारी



### भाजपा में आंतरिक कलह

**दल्लीराजहरा।** नगर पालिका परिषद में एल्डरमैन की नियुक्ति को लेकर घमासान मचा है। भाजपा की आंतरिक कलह अब खुलकर सामने आने लगी है। पार्टी के शीर्ष नेता किसी एक नाम पर सहमति नहीं बना पा रहे हैं, जिससे नगर की राजनीति में असमंजस और असंतोष का माहौल बन गया है।

भाजपा की गुटबाजी अब संगठन से निकलकर सत्ता में भी साफ नजर आने लगी है। नगर पालिका में एल्डरमैन पद को लेकर चल रही रस्साकशी ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा के भीतर नेतृत्व का अभाव है। नगर की जनता उम्मीद लगाए बैठी थी कि उन्हें मजबूत और योग्य प्रतिनिधित्व मिलेगा, लेकिन भाजपा नेताओं की आपसी खींचतान ने विकास से ध्यान हटाकर सत्ता की कुर्सी की राजनीति को उजागर कर दिया है। सूत्रों की मानें तो भाजपा के ही कई स्थानीय नेता एक-दूसरे को मात देने में लगे हैं। यही कारण है कि एल्डरमैन की नियुक्ति की प्रक्रिया ठप पड़ी हुई है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा नेतृत्व की यह असमर्थता, न सिर्फ पार्टी की शेष पेज 12 पर






# टाउनशिप के उपभोक्ताओं को अब अधिक बिजली बिल देना होगा



**बीएसपी ने जारी किया नया टेरिफ, देना होगा अतिरिक्त चार्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप के उपभोक्ताओं पर अब फिर बिजली का भार बढ़ेगा। राज्य विद्युत नियामक आयोग की मंजूरी के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र विद्युत अभियांत्रिकी विभाग (टीईई) ने वर्ष 2024-25 के लिए नई टेरिफ दरें घोषित कर दी हैं। बीएसपी द्वारा 0.88 प्रतिशत अधिक दर पर प्रति बिजली बिल देय होगा। बढ़ाई गई बिजली दर एक अगस्त से लागू होगी।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा बिजली दर बढ़ोत्तरी का प्रपोजल छग राज्य विद्युत नियामक आयोग के सामने रखा था। सेल भिलाई इस्पात संयंत्र को विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा राज्य विद्युत नियामक आयोग से टाउनशिप के अपने उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति करने में

- राज्य विद्युत नियामक आयोग की मंजूरी के बाद नए दरें होंगी लागू
- टाउनशिप में बढ़ाई गई बिजली दर 1 अगस्त से होगी लागू

अधिक राशि खर्च होने का हवाला देते हुए बिजली दर बढ़ाने की अनुमति मांगी थी। बीएसपी ने 11 से 15 रुपए प्रतिशत तक बिजली दर बढ़ाने का आग्रह किया था। लेकिन भिलाई चेंबर आफ कामर्स व टाउनशिप के व्यवसायियों ने 15 रुपए प्रति यूनिट दर को अधिक बताते हुए इसका विरोध कर कम बढ़ोत्तरी की मांग आयोग से की थी। राज्य नियामक आयोग के पत्र के बाद बीएसपी से उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिलेगी। आयोग ने चेंबर की आपत्ति के बाद 0.88 परसेंट तक रेट में वृद्धि की मंजूरी दी है। बीएसपी आज नई टेरिफ दरें लागू करने का सर्कुलर जारी कर दिया है। इसमें डोमेस्टिक व कर्मशियल दोनों की बिजली दर बढ़ा दी गई है। बढ़ाई गई दर 0.88 प्रतिशत अधिक है।

### फिक्स्ड चार्ज भी बढ़ेगा

आदेश के अनुसार उपभोक्ता एलवी श्रेणी में एलटी - डोमेस्टिक उपयोग के लिए उपभोक्ता को जीरो से 100 यूनिट बिजली उपयोग के लिए 20 रुपए न 101 से 200 यूनिट्स पर 5 किलो वाट के तहत फिक्स्ड चार्ज देना होगा। वहीं 201 से 400 यूनिट्स 30 और 401 से 600 यूनिट्स बिजली के लिए फिक्स्ड चार्ज लगेगा।

## खबर संक्षेप



### यूआरएम ने किया 5 मिलियन टन प्राइम रेल उत्पादन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की अत्याधुनिक यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) ने 5 मिलियन टन प्राइम रेल उत्पादन का कीर्तिमान स्थापित किया। वर्ष 2016 के दिसंबर माह में वाणिज्यिक उत्पादन आरंभ करने वाली इस इकाई ने मात्र आठ वर्षों में यह उपलब्धी हासिल की । इससे भारतीय रेलवे को मांग के अनुरुप रेल की आपूर्ति बढ़ेगी। यूआरएम ने भारतीय रेलवे की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप समय-समय पर अपने उत्पादों को विकसित किया है। ग्रेड 880 रेलों से लेकर उन्नत ग्रेड आर260 और आर350 एचटी रेलों का उत्पादन, यूआईसी-60 से 60ई 1 प्रोफाइल में बदलाव, तथा आरडीसीआईएस के साथ मिलकर आर -350 एनसी है। गुणवत्ता के क्षेत्र में भी यूआरएम ने उत्कृष्टता का परिचय दिया है। वित्त वर्ष 2017-18 में जहाँ गुणवत्ता स्वीकृति दर 82% थी, वहीं वर्तमान में यह बढ़कर 96% हो गई है, जो वैश्विक मानकों के अनुरूप है।

### नालियों के उपर से अतिक्रमण हटाया

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रं. 03 अंतर्गत नाली के उपर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। वार्ड क्रं. 30 प्रगति नगर एवं 31 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र के स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों द्वारा नाली के उपर ढ़लाई कर अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसके कारण नालियों की सफाई करने में परेशानी हो रही है और कचरा फंस जाने के कारण पानी का बहाव अवरूद्ध हो रहा था। समस्या को देखते हुए अवैध अतिक्रमण को जे.सी.बी. से तोड़ा गया और नाली के उपर से कब्जा मुक्त कराया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, जोन स्वच्छता निरीक्षक चुड़ामणी यादव, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता अपने टीम के साथ उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी और सहायिकाओं ने समस्याओं को लेकर निकाली रैली, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने समस्याओं के निराकरण, लंबित मांगों को पूर्ण करने को लेकर दुर्ग कलेक्टर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। छग जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका कल्याण संघ जिला अध्यक्ष गीता बाघ ने बताया कि संगठन समय-समय पर लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया है। ज्ञापन में सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करने, प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत मानदेय एमपी के तर्ज पर वृद्धि करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि पर्यवेक्षक भर्ती तत्काल निकाली जाए, आयु सीमा बंधन हटाते हुए 50 प्रतिशत में पदोन्नति, सहायिकाओं को शत-प्रतिशत पदोन्नत, उम्र का बंधन हटाया जाए। पोषण ट्रेकर एप में कार्य करने के लिए 5 जी मोबाइल और नेट खर्च, आने वाली समस्याओं का निराकरण किया जाए। कार्यकर्ताओं का मानदेय ना काटा जाए और ना ही दबाव बनाया जाए। ऑफलाइन ट्रेनिंग दिया जाए।

**सावन में बारिश कम** — मानसून दस दिन पहले आने की वजह से सिस्टम पर हुआ असर

# पिछले साल से खरखरा 30 व तांदुला जलाशय में 6 प्रतिशत कम जलभराव, बारिश भी 5 मिमी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सावन मास में सबसे ज्यादा बारिश होती है। इस बार सावन लगे हुए 12 दिन बीत गए हैं, लेकिन झमाझम बारिश नहीं हो रही। इसी महीने में जलाशयों में भी जलभराव इतनी अच्छी हो जाती है कि पूरे सालभर तक यही से पेयजल और सिंचाई के लिए दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले को पानी मिलता है। मौजूदा हालात ने जलाशयों की स्थिति को भी चिंता में डाल दिया है। प्रमुख जलाशय गोंदली में पिछले साल की अपेक्षा 6 फीसदी और खरखरा जलाशय में 30 फीसदी जलभराव कम है। इसी तरह पिछले साल यानी 25 जुलाई वर्ष 2024 की अपेक्षा औसत बारिश में भी दुर्ग जिला 5 मिलीमीटर कम है।



### तांदुला जलाशय में 39.80 प्रतिशत जलभराव

तांदुला जलाशय में 25 जुलाई 2025 को 39.80 प्रतिशत जलभराव ही हुआ है। पिछले साल 25 जुलाई 2024 को 45.25 प्रतिशत पानी भर गया था। यानी वर्तमान में 6 प्रतिशत जलभराव कम है। इस जलाशय से दुर्ग जिले को पेयजल और सिंचाई के लिए पानी मिलता है। यह सबसे बड़ा जलाशय है। दुर्ग जिले के अलावा बालोद, बेमेतरा जिले को भी पानी सिंचाई के लिए छोड़ा जाता है। बीएसपी को भी पानी इसी जलाशय से आता है। जिससे मरोदा टैंक भरता है।

### खरखरा जलाशय में 27.68 प्रतिशत जलभराव

खरखरा जलाशय भी बालोद जिले में हैं। वर्तमान में 25 जुलाई 2025 को 27.68 प्रतिशत ही जलभराव हो पाया है। पिछले साल 25 जुलाई 2024 को इस जलाशय का जलभराव 57.65 प्रतिशत हो गया था। इस तरह पिछले साल से 30 फीसदी जलभराव कम है। खरखरा जलाशय की भूमिका तांदुला जलाशय में पानी कम होने की स्थिति में होती है। सिंचाई व पेयजल के लिए जब तांदुला से पानी छोड़ा जाता है और यहां पानी की कमी होती है तो खरखरा जलाशय से तांदुला में पानी शिफट करते हें। बालोद जिले में सिंचाई के लिए यहां से पानी देते हैं।

### इस तरह बारिश भी हुई है कम

मौसम विभाग कैलेंडर में प्री मानसून एक जून से शुरू होती है। 52 साल बाद ऐसा हुआ कि प्री मानसून की बारिश मई के अंतिम 10 दिन पहले ही हो गई। इस अवधि में अच्छी बारिश हुई। जब जून महीने आया तो बारिश के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। 8 जून,15 जून, 16 जून, 23 जून, 28 जून और 29 जून को बारिश हुई। इस बीच सिस्टम खाड़ी में जो बना था वह वापस लौट गया जिससे 1 जून से 7 जून तक और 9 जून से 14 जून तक बारिश ही नहीं हो पाई।

### जिले में अब तक 438.7 मिमी वर्षा

मौसम विभाग के मुताबिक एक जून से अभी तक 438.7 मिलीमीटर वर्षा हुई है। पिछले साल 25 जुलाई 2024 तक 443 मिलीमीटर की औसत वर्षा हो चुकी थी। इस तरह अभी 5 मिलीमीटर औसत बारिश कम हुई है। 25 जुलाई 2025 को मौसम विभाग ने भारी बारिश की संभावना जताई थी लेकिन पूरे दिन रूक-रूक कर हल्की बारिश होती रही। तहसील दुर्ग में 1.8 मिमी और तहसील बोरी में 8.0 मिमी बारिश दर्ज की गई है। धमधा, पाटन, भिलाई 3 और अहिवारा में बारिश नहीं हुई है।

### ये द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून द्रोणिका जम्मू, चंडीगढ़, बरेली, गोरखपुर, पटना, बांकुरा, कोलकाता, अवदाब के केंद्र तक स्थित है। एक द्रोणिका हरियाणा और उसके आसपास अवदाब के केंद्र तक उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड, उत्तर उड़ीसा होते हुए 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 4.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से उत्तर छत्तीसगढ़ तक 4.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### भारी वर्षा के लिए 24 घंटे का और इंतजार

एक अवदाब तटीय पश्चिम बंगाल और उससे लगे बांग्लादेश तट के पास स्थित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर उड़ीसा, झारखंड की ओर अगले 24 घंटे में पहुंचने की संभावना है। जिससे बारिश दुर्ग संभाग में भारी वर्षा हो सकती है।

**-डॉ. एचपी चंद्रा,**
मौसम विज्ञानी लालपुर छग

## सरकारी जमीन पर आश्रम, कार्रवाई के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



बालोद। विवादों में घिरे शहर के एक आश्रम लगातार विवादों में है। अब पुलिस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों ने मोर्चा खोलते हुए सरकारी जमीन पर आश्रम होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करते हुए स्थानीय लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सरकारी जमीन से अवैध कब्जा तत्काल हटाया जाए। आश्रम की सभी गतिविधियों की उच्चस्तरीय जांच हो। स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। आश्रम में अश्लील हरकतों का मामला सामने आने के बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई थी, स्थानीय लोगो द्वारा इस कार्रवाई को संतुष्टिजनक ना मानकर उक्त आश्रम को सरकारी स्थल पर होने का आरोप लगाते हुए उस पर भी कार्रवाई करने की बात कही गई है।

ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद कशीमुद्दीन कुरैशी, पुष्पा साहू और रीता सोनी ने बताया कि रोशन नगर भांठापारा में विगत पांच वर्षो से बाहरी राज्य के लोगों द्वारा संचालित यह आश्रम करीब 50 डिसमिल से अधिक शासकीय भूमि पर अवैध रूप से बना हुआ है। संचालक और अन्य लोग यहां झाड़–फूंक, तंत्र–मंत्र और योग अभ्यास के नाम पर गतिविधिया चला रहे हैं। आश्रम में तंत्र मंत्र और झाड़–फूक जैसी गतिविधियों के कारण पूरे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल है। इससे पहले भी आश्रम को लेकर शिकायतें की गई थीं, लेकिन प्रशासन ने अब तक अवैध कब्जे पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। बता दें कि हाल ही में सोशल मीडिया पर एक 12 वर्षीय नाबालिग बच्ची से जुड़े अश्लील वीडियो और संचालक का दबाव भरा ऑडियो बातचीत वायरल हुआ था। वीडियो में एक व्यक्ति बच्ची से अश्लील हरकत करता दिख रहा था और आश्रम संचालक उसे डांटते नजर आ रहे थे। ऑडियो में बाबा बच्ची को मामले की जानकारी माता–पिता को न देने के लिए समझा रहे थे। इस पर कार्रवाई हुई, वार्डवासियों ने आशंका व्यक्त की है कि इस प्रकार की घटनाएं और भी बच्चियों के साथ हुई होंगी, जिसकी जांच पुलिस द्वारा किया जानी चाहिए।

# शहीद कौशल यादव भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा है : आईजी गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहीद कौशल यादव के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि जिस तरह के जज्बे के साथ शहर के सपूत कौशल यादव ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिया, वह भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। नौजवान देश और प्रदेश के हित में अपना योगदान दें।

- कारगिल युद्ध शहीद के शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

उन्होने कहा कि नौजवान पीढ़ी कारगिल युद्ध में शहीद भिलाई शहर के सपूत कौशल यादव के देश के प्रति दिए गए बलिदान को याद करते हुए उन्हें अपना प्रेरणास्त्रोत मानें। उन्होंने कहा कि शहीद कौशल यादव ने कर्तव्य और देश की रक्षा के लिए अपना जान कुर्बान कर दिया।



इसलिए वे हमारे भी प्रेरणास्त्रोत हैं और हमेशा रहेंगे। शहादत दिवस पर हुडको कॉलोनी में उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित था।

इस अवसर पर शहीद कौशल यादव की माता समेत परिवार के अन्य सदस्यों के साथ एसएसपी विजय अग्रवाल, पुलिस के अधिकारी, सेना के वर्तमान, पूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट्स, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद थे। भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त भारतीय सेना के जवान कौशल यादव को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सलामी दी। छत्तीसगढ़ आर्मी फाउंडेशन के हरप्रीत सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संस्थापक एवं संरक्षक पवन कुमार निषाद, पूर्व राज्यमंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर नीरज पाल, हुडको के पार्षद व एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी मौजूद थे।

# पोटिया चौक पर एसडीएम से गाली-गलौज और मारपीट, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एसडीएम के साथ गाली गलौज कर विवाद करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

- आरोपी राजनीतिक रसूख का दिखा रहे थे धौंस

आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पद्मनाभपुर थाना प्रभारी राज कुमार लहरे ने बताया कि गुरुवार की रात एसडीएम हितेश पिस्दा अपने वाहन से सरकारी काम के लिए निकले थे। इस दौरान पोटिया चौक के पास कार सीजी 7 सीएन 9078 में सवार होकर विद्युत नगर निवासी राकेश यादव, विपिन चावड़ा, कसारीडीह निवासी मनोज यादव ने अपनी कार से उतकर जबरन एसडीएम हितेश पिस्दा के साथ मारपीट कर गाली गलौज की। दबंगई भी दिखाई। घटना को अंजाम देकर तीनों युवक मौके से फरार हो गए। घटना की शिकायत पद्मनाभपुर पुलिस थाने में करने के बाद तुरंत तीनों आरोपियों को पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि घटना को अंजाम दिया गया था।

### पोटिया चौक बना नशेड़ियों का अड्डा,आए दिन घटनाएं

पोटिया चौक पिछले कुछ समय से नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। जहां आए दिन मारपीट की घटनाएं हो रही है। संदिग्ध गतिविधियों की वजह से शाम के बाद लोगों का मार्ग से गुजरना दूभर हो गया है। नशेड़ी किस्म के व्यक्ति आए दिन लोगों से उलझते हैं। बता दें कि इस जगह पर अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानें संचालित हैं। जहां शराब प्रेमियों का जमघट लगा रहता है। रात के समय अपराधिक किस्म को तत्व भी सक्रिय रहते हैं। एसडीएम से मारपीट की घटना के बाद इस क्षेत्र में पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी है। बहरहाल पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। बता दें कि इससे पहले भी घटना स्थल के आसपास छेड़खानी और मारपीट की घटनाएं हो चुकी है। बावजूद इसके पुलिस ने अब तक गंभीरता नहीं दिखाई है।



### सरपंच ने स्वच्छता कर्मियों को बांटे ड्रेस कोड

**बालोद।** ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू ने पंचायत चुनाव के समय स्वच्छता दीदीयों को ड्रेस कोड देने का वादा किया था यह चुनावी घोषणा हुआ पूरा। सरपंच मंजूलता साहू ने बताया कि मैंने चुनाव के समय घोषणा की थी कि ओरमा एवं मेढ़की में स्वच्छता ग्राही दीदीयों जो गांव की गलियों में कचरा उठाते हैं को सम्मान दिया जाए, मैं अपने जन्मदिन को नारी शक्ति के सम्मान के रूप में स्वच्छता ग्राही दीदीयों को ड्रेस कोड वितरण कर जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया। आगे भी स्वच्छता दीदीयो को सम्मान मेरे पूरे 5 साल कार्यकाल तक मिलता रहेगा।उक्त अवसर पर सरपंच मंजूलता के निवास में सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष गुणवंत लाल श्रीवास्तव, उप सरपंच रामचंद्र यादव, फ़गनी निषाद, शगुना साहू, डोमार कुंभकार, रोशनी साहू, चंचल साहू, संतोष साहू एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक धनराज साहू, बालक साहू, टहल साहू, ग्राम पटेल होरीलाल गजपाल एवं गांव के वरिष्ठ गण एवं वृद्ध महिलाओं को श्रीफल से सम्मान कर सरपंच मंजू लता ने अपना जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जय मां कर्मा स्व सहायता समूह मेढ़की व जय भानेश्वरी स्व सहायता समूह के सदस्यों को सम्मान मिला। महिलाओं द्वारा सरपंच को छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो भेट किया गया।

**एमएसएमई जिला उद्योग संघ की बैठक में विषय पर हुई चर्चा**

# सीपीडी ने वेंडरों को बैंक गारंटी बढ़ाए जाने संबंधी पत्र भेजा, एमएसएमई ने जताई आपत्ति

**सदस्यों ने कहा पूर्व कॉन्ट्रैक्ट के साथ छेड़छाड़ ना की जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एमएसएमई जिला उद्योग संघ ने उस पत्र पर आपत्ति जताई है, जिसमें बैंक गारंटी बढ़ाने की बात कही गई है। संघ के सदस्यों का कहना है एक बार कान्ट्रैक्ट हो चुका है, उसके साथ सीपीडी छेड़छाड़ ना करे। स्थिति यह है कि पूर्व में जो बैंक गारंटी दिए हैं, उन्हें ही भरपूर काम नहीं मिल रहा है।

संघ की एमएसएमई कार्यालय, कन्हैया स्टील इंडस्ट्री में हुई आपात बैठक में बैंक गारंटी की विसंगतियों के साथ बीएसपी के नए डीआईसी चितरंजन महापात्रा का स्वागत करने की बात हुई। साथ ही सीपीडी द्वारा हाल ही में भेजे गए



एक पत्र जिसमें बैंक गारंटी बढ़ाने की बात कही गई है उस पर एमएसएमई ने अपनी आपत्ति दर्ज की। बताया कि पत्र में बैंक गारंटी बढ़ाने की बात कही गई है ताकि वेंडर को ज्यादा से ज्यादा काम मिल सके। लेकिन एमएसएमई ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। संघ के सदस्यों का कहना था कि कुछ लोग चाहेंगे कि बैंक गारंटी बढ़े ताकि कुछ लोगों को कुछ ज्यादा काम मिले, वहीं कुछ लोगों को काम कम मिले। पूर्व में बैंक गारंटी देने वालों को ही भरपूर काम नहीं मिल पा रहा।

### प्रबंधन से मिलने अध्यक्ष का आश्वासन

बैठक में सदस्यों ने आक्रोश जताया कि कुछ मेंबर को ज्यादा पीओ वैल्यू का काम दिया जाता है तथा कुछ को कम वैल्यू का।केटेगरी वाइज भी ऐसे ही किया जाता है। सदस्यों की बातें सुनने के बाद संघ के अध्यक्ष केके झा ने कहा कि पत्र के माध्यम से बीएसपी प्रबंधन के सामने अपनी बात रखेंगे। अधिकारियों के साथ बात भी की जाएगी ताकि सबको काम में समानता मिले और सबको काम मिलता रहे। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को कहीं भी किसी स्तर पर तकलीफ ना हो इस पर हम काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि काम बढ़ाने की बात को लेकर जल्द ही राज्य शासन से भी मिला जाएगा। प्रदेश की नई उद्योग नीति का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अरविंदर सिंह खुराना, सुशील बंसल,व्यास प्रसाद शुक्ला , रामकुमार बंसल, देशराज यादव, अनिल शुक्ला, केके सिंग, संघ के सचिव मयूर कुकरेजा आदि वेंडर उपस्थित थे।

पेज 11 के शेष...

### अब बगैर पास के शिव...

महाशिवपुराण कथा सुनाने श्रोताओं के बैठने की समुचित निःशुल्क व्यवस्था की गई है। श्रोताओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पास व्यवस्था को समाप्त कर दी गई है। बरसात के कारण कथा खुली जगह में आयोजन नहीं की गई है, जिसके कारण श्रोताओं को मायूसी जरूर हुई है, बालोद की कथा का यूट्यूब चैनल में लाइव प्रसारण हो रहा है। भीड़ से बचने के लिए लोग लाइव कथा का श्रवण कर सकते हैं। लगातार 7 दिनों की महाशिवपुराण की कथा पंडित राघव मिश्रा द्वारा भजन संगीत एवं देवादि देव महादेव की कथा कीर्ति का आनंद लेकर अपने मनुष्य जीवन को कृतार्थ कर सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी शिव शक्ति सेवा समिति के सदस्य संतोष कौशिक ने दी।

### अस्थी विसर्जन कर...

निरंगसाय मंडावी 55 वर्ष और थानेन्द्र मंडावी 19 वर्ष शामिल हैं। बताया गया कि घटना के बाद मृतक की बेटी यामिनी टेकाम और बेटा देवनारायण सिंह टेकाम गाड़ी से बाहर निकले और अन्य सात लोगों को सुरक्षित गाड़ी से बाहर निकाल कर अपने परिजनों और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। लेकिन एम्बुलेंस के पहुंचने से पहले परिजन चारपहिया गाड़ी लेकर घटना स्थल पर पहुंचे और सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डी लोहारा में प्राथमिक उपचार कर बालोद के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया। जहां सभी का इलाज जारी है।

### एल्डरमैन की कुर्सी...

छवि को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि नगर के विकास कार्यों को भी प्रभावित कर रही है। जनता के बीच अब यह चर्चा आम हो गई है कि भाजपा केवल पद और प्रतिष्ठा की राजनीति कर रही है, न कि जनहित के लिए। कई वार्डों के पार्षद भी नाराजगी जताते नजर आ रहे हैं कि पार्टी ने नगर की भावनाओं की जगह अपने राजनीतिक समीकरणों को प्राथमिकता दे दी है।

## खबर संक्षेप



### डॉक्टर ने स्कूल में किया न्योता भोज का आयोजन

**डौण्डीलोहारा।** प्राथमिक शाला कसही (लो) में डॉ. धर्मेंद्र साहू ने अपने जन्मदिन पर न्योता भोज कराया। न्योता भोज में केला, मिक्सर, मिठाई परोसा गया। संकुल समन्वयक मोहित राम भौसार्य ने अपने जन्म दिन को विशेष बनाने के लिए स्कूल में न्योता भोज का आयोजन करने की अपील की। इस अवसर पर महावीर कलिहारी, कृपाराम साहू, सरपंच एनकुमारी राण्डे, उप सरपंच नरेंद्र कुमार साहू, पंच अश्वन साहू, सुकवारोबाई साहू, घसनीन साहू, सुखदी कोमरे, लक्ष्मी साहू, मालती यादव, शीतल कुलदीप, ललेश्वरी कोमरे, मुनिया बाई, आशीष मसीह, खेमन साहू, विजय पटेल व कौशिल्या सोरी उपस्थित थे।

### प्राचार्य मेश्राम ने स्कूल परिसर में रोपे पौधे



**डौडीलोहारा।** ब्लॉक के वनांचल में स्थित हायर सेकंडरी स्कूल भंवरमरा के संकुल प्राचार्य हेमप्रकाश मेश्राम ने जन्मदिन पर स्कूल परिसर में कटहल का पौधा रोपण किया और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। साथ ही पौधे को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया तथा स्टाफ के सहयोगी शिक्षकों को भी इसी तरह अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्य के लिए स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी पौधे लगाने का संकल्प लिया।

### शिवसेना के जिलाध्यक्ष बने हर्ष शर्मा

**बालोद।** शिव सेना बालोद का गठन किया गया है। इसमें शिव सेना जिला अध्यक्ष प्रभारी हर्ष शर्मा को बनाया गया है। इनकी नियुक्ति शिव सेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार एवं प्रदेश कार्यकारिणी मधुकर पाण्डे की अनुशंसा पर की गई। गठित सदस्यों में शिव सेना जिला अध्यक्ष प्रभारी हर्ष शर्मा, जिला महासचिव बालमुकुंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष चंदन सोनकर, जिला कामगार अध्यक्ष चेतन लाल साहू, जिला महिला अध्यक्ष शकुंतला देवांगन, संगठन मंत्री कुमार सिंह हिरवानी, बालोद जिला नगर अध्यक्ष अनिल राजपूत, बालोद जिला मिडिया प्रभारी डेविड सोनी को बनाया गया है।

### जोन अध्यक्ष के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री का सम्मान

**भिलाई।** वार्ड 34 के पार्षद और जोन 3 के अध्यक्ष जालंधर सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का स्वागत किया गया। इसके बाद नगर आगमन पर उनका सम्मान किया गया। वार्ड नंबर 33 संतोषी पारा कैंप 2 में फूल माला के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष भोजराम सिन्हा, पार्षद संतोष मौर्य, शैलजा राजू, पार्षद लक्ष्मी दिवाकर, पार्षद प्रियंका भोला साहू, पार्षद नोहर वर्मा, गिरजा बछोड़, पार्षद शकुंतला साहू, पार्षद ईश्वरी नेता, कैंप मंडल उपाध्यक्ष ममता भारद्वाज, रुक्मणि सहित अन्य मौजूद थे।

### मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग, 5 हजार जुर्माना

**भिलाई।** नेहरू नगर चौक ट्रैफिक पुलिस ने जांच के बाद तेज आवाज वाले मॉडिफाई साइलेंसर को जब्त किया। वाहन चालक पर 5 हजार रुपए का चालान किया। पुलिस ने बताया कि किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम में जानकारी दी कि वाइशेप ब्रिज से एक बुलेट गुजर रही है।

## निधन

### विद्या बाई पांडेय

**बालोद।** ग्राम झलमला निवासी विद्या बाई पाण्डेय का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे विकास पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, मणिकांत पाण्डेय की दादी थीं।

---

### अभियान : चार लोगों को हेलमेट पहनाकर सम्मानित किया

# समाजसेवी ने शुरू किया स्वच्छता और हेलमेट जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

समाजसेवी नाड़ी वैद्य बिरेंद्र देशमुख ने शौचालय स्वच्छता और हेलमेट जागरूकता अभियान शुरू किया। इसके तहत पोड़ में ग्रामीणों के बीच विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चार–चार वर्ग में लोगों को पुरस्कृत किया गया। जिला स्तर पर विभिन्न ग्रामों में इस कार्यक्रम के आयोजन की शुरूवात की गई है।

64 योगिनी मोक्ष धाम फाउंडेशन के संस्थापक और समाजसेवी नाड़ी वैद्य बिरेंद्र देशमुख ने समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष जागरूकता लाने और लोगों को प्रेरित करने के लिए विभिन्न अवसरों पर कई कार्य करते रहते हैं। इस क्रम में उनके द्वारा शौचालय स्वच्छता और हेलमेट जागरूकता अभियान शुरू की है। जिले में इसे गुरुर ब्लॉक के सबसे अंतिम छोर पर बसे गांव पोड़ से शुरू किया गया। शुक्रवार को पोड़ के स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में गांव के उन विशेष चार प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने 20 से 25 साल पुराने हो चुके शौचालय को आज भी सही सलामत रखा है और उनका उपयोग कर रहे हैं। साथ ही यातायात नियमों के प्रति जो काफी गंभीर हैं। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में रखी गई थी। एक शौचालय की स्वच्छता को लेकर और दूसरा यातायात के नियमों के प्रति जागरूकता को लेकर। गांव में फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा पहले से ही ग्रामीणों को इस प्रतियोगिता की सूचना दी गई थी। इसके बाद लोगों ने अपने–अपने शौचालय को स्वच्छ रखने की पहल शुरू की तो, वही जो लोग यातायात के नियमों को लेकर काफी गंभीर रहते हैं, जिनके वाहनों के सभी दस्तावेज अप टू डेट है और जो हमेशा हेलमेट पहन कर ही चलते हैं या जो गरीब तबके के हैं और हेलमेट नहीं खरीद पा रहे हैं, ऐसे चिन्हित चार वाहन चालकों का चयन किया गया।

#### स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए लगाएं हेलमेट



इस अवसर पर फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र साहू, ग्राम पटेल भगतराम बढ़ाई, हेमराज साहू, सुरेश कुमार देवता, प्रेम प्रकाश ठाकुर, डॉ. योगेंद्र साहू, रिटायर्ड आर्मी मैन कैप्टन जगमोहन साहू, ओम प्रकाश साहू, गुरुर से हलधर साहू, बेलौदी से द्वारका साहू, फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी दीपक यादव, राहुल देशमुख उपस्थित थे। इस आयोजन के दौरान गांव के अग्निवीर में चयनित युवक सहित कारगिल युद्ध में हिस्सा लेने वाले कप्तान जगमोहन साहू को भी समाजसेवी देशमुख ने विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर बीरेंद्र देशमुख ने कहा कि लिमोरा में 64 योगिनी मंदिर का भव्य निर्माण जारी है। जो भारत का एक ऐसा मंदिर है जिसमें दान पेटी नहीं रहेगी और हम मोक्ष धाम फाउंडेशन की ओर से स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ रहे हैं। लोग केवल पुलिस के डर से हेलमेट लगाते हैं पर हमारा फाउंडेशन चाहता है कि लोग यातायात के प्रति सजग रहे। नियम का पालन करें। पुलिस से ना डरे। अपने परिवार और स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए हेलमेट लगाकर चले।

आयोजन के दौरान प्रथम से चतुर्थ स्थान आने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

इसमें तामेश्वरी साहू, सुरेश नेताम, धरम ठाकुर, नंदकुमार साहू को समाजसेवी गुरुदेव नाड़ी वैद्य देशमुख ने हेलमेट पहनाकर सम्मानित किया। शौचालय स्वच्छता अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने में प्रथम आई शांति बाई नेताम को 5151 रुपये, द्वितीय प्रहलाद साहू को 3100 रुपए और तृतीय रुक्मणी नेताम को 2100 रुपए नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी देशमुख ने कहा हम इस अभियान के जरिए शौचालय स्वच्छता और यातायात जागरूकता का प्रयास कर रहे हैं। शौचालय भी हमारे घर का हिस्सा है, इसलिए उसमें भी स्वच्छता बनाए रखना भी जरूरी है। उन्होंने कहा इसी बहाने सबने अपनी शौचालयों की देखभाल करनी शुरू की और आगे भी इस पहल को बनाए रखेंगे। आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित कवयित्री गायत्री शिवांगी साहू ने ग्रामीणों को शौचालय स्वच्छता और हेलमेट पहनने को लेकर प्रेरित किया। सभी ने मिलकर पौधारोपण किया।

---

# कारगिल युद्ध के शहीद को छात्रों ने किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

■ कॉलेज में हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में कारगिल विजय दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें कारगिल युद्ध 1999 में भारत पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों के शौर्य, वीरता और पराक्रम साहस को नमन करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के छायाचित्र पर पूजा अर्चना पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित भूतपूर्व सैनिकों एवं स्थानीय पुलिस थाना अर्जुन्दा के जवानों का सम्मान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने कारगिल के वीर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए, युवाओं को देशसेवा और राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय में अध्ययन कर देश के लिए बलिदान देने वाले इन शहीद को भी श्रद्धांजलि दी गई। बताया गया कि ग्राम देवरी (ख) के अमर शहीद जवान दुर्वासा निषाद (लांस गायक) जब भारत पाक सीमा कारगिल क्षेत्र में युद्ध के समय जब सियाचिन में युद्ध के लिए इन्होंने सेना के लिए उपयोगी समान होकर गाड़ी से जा रहे थे तभी दुश्मनों में गोली दागना शुरू कर दिया। जिसमें उन्हें गोली लग गई। गोली लगने के बाद भी वह अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अपनी आमएँ उपयोगी समान को कैम्प तक पहुंचाया। वहां से उनकी मातृभूमि की रक्षा के लिए 4 सितम्बर 1998 में मात्र 23 साल के उम्र में शहीद हो गए।

---

# लोक संस्कृति महकती बगिया के समान है : साहित्यकार केशव

#### लोककलाकार राकेश तिवारी ने गुण्डरदेही में लोक कला विशेषज्ञों के साथ की गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



लोक कला एवं संस्कृति के मर्मज्ञ राकेश तिवारी का रायपुर का आगमन हुआ। जिनके द्वारा प्रतिभावान कलाकारों का साक्षात्कार लेकर जनमानस तक प्रसारित होने का अवसर प्रदान किया जाता है।

गुण्डरदेही में लोक कला विशेषज्ञों के साथ लोक कला पर गोष्ठी की गई, जिसमें दूरदर्शन, आकाशवाणी के कलाकार सीताराम साहू श्याम, तबला वादक राकेश साहू, लोक गायिका भगवती साहू, गीतकार रमेश यादव, साहित्यकार केशव राम साहू, लोकगायक उद्धव साहू, पंडवानी गायिका पार्वती राव, लोरिक चंदा, चंदैनी के गायक रामाधार साहू सम्मिलित हुए। इस अवसर पर लोक कला पर चर्चा करते हुए राकेश तिवारी ने कहा कि लोक संस्कृति महकती बगिया के समान है, जिसकी भीनी भीनी सुगंध में व्यक्ति रोजमर्रा के थकान तनाव से दूर होकर नई ऊर्जा प्राप्त करता है। ददरिया, पंडवानी, पंथी, सुवा, कर्मा, भोजली आदि उनके उदाहरण है। दूरदर्शन कलाकार सीताराम साहू श्याम ने कहा कि लोक कला केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं ही है अपितु आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग भी है।

साहित्यकार केशव राम साहू ने कहा कि लोक संस्कृति हास्य के साथ संवाद प्रदान करने का भी माध्यम है, हाना बाना, जनौला, लोकगीत, लोक कथा, लोक गाथा संस्कृति के ऐसे ही धरोहर है। जनउला का एक मनोरंजक उदाहरण है कि आपने भात खाया है कि बासी खाया है, इसे इस जनउला के माध्यम से व्यक्त किया जाता है जो हमारे ज्ञान में वृद्धि करता है, डबरा मताए हस कि करार ओदारे हस अर्थात भात खाए हो कि बासी जैसे रोचक बातों से व्यक्ति रोमांचित हो जाता है। ऐसे ही अनेक रोचक जानकारी एवं प्रस्तुति इस परिचर्चा में इन कलाकारों ने दी जिसका गाबो बजाबो गोठियाबो यू ट्यूब चैनल में समय बध्द प्रसारण किया जाएगा। जीवन के अनेक प्रसंगों पर इन कलासाधकों ने अपने अनुभव साझा किए हैं। इस अवसर पर केशवराम साहू ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित हाना बाना, जनौला, कहानी, कंथली पर संग्रहित किताब भेंट की।

---

# शिकसा ने किया आया सावन झूम के का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शिक्षक कला व साहित्य अकादमी द्वारा आया सावन झूम का आयोजन संस्थापक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस के निर्देशन में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती कुमुदिनी द्विवेदी थे। मुख्य अतिथि सक्ती कुमोदिनी द्विवेदी ने कहा कि हरेली त्यौहार में इस तरह का आयोजन सराहनीय कार्य है, शिकसा में प्रतिभा की कमी नहीं है। इन सबको जोड़ने वाले संस्थापक संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस है उनकी मेहनत यहां देखने को मिलती है। कार्यक्रम को डॉ. शिवनारायण देवांगन आस, प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, प्रदेश महासचिव व कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बोधी राम साहू और कार्यक्रम प्रभारी विजय प्रधान ने भी संबोधित किया। इस मौके पर रामकुमार पटेल, हेमा चन्द्रवंशी, रेखा पात्रे,रीता राज सिदार, चन्द्र कुमार चन्द्रा, रामलाल कोसले, सुखमती चौहान, देवनारायण राज, दिनेश कुमार दुबे, शशिकला पाण्डेय,ओ.पी.कौशिक रतनपुरिहा, विंध्यवासिनी पांडेय, सारिका बनसोडे सोनी, मोहित कुमार शर्मा, चन्द्रकला शर्मा, हरमन कुमार बघेल, सुजीत कुमार श्रीवास्तव ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम कंवर और आभार मोहित शर्मा ने किया।

---

# पौधा लगाने के साथ उसकी देख रेख एवं सुरक्षा भी है जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम किया पौधा रोपण



भक्त माता कर्मा कन्या महाविद्यालय बालोद में एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी लोनिवि बालोद नूतन कंवर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद मोबिन अली, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, अध्यक्ष ज.भा.प्र. समिति भक्त माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय बालोद प्राची लालवानी, पार्षदगण, स्वच्छता समिति के सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर में उपस्थित उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के उद्बोधन का महाविद्यालय में लाईव प्रसारण से हुआ। इसमें उन्होंने बालोद जिले के समस्त नागरिकों को पौधारोपण का महत्व बताए एवं जिले के विनिन्न वृक्ष मित्रों एवं विभिन्न पंचायतों के सरपंच से पौधारोपण के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की। उक्त प्रसारण के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान में पौधा लगाना ही महत्वपूर्ण नहीं है अपितु उस पौधे का उचित देख रेख एवं सुरक्षा करना भी उतना ही आवश्यक है। यह आयोजन पूर्णतः पौधारोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथिगण व सदस्यों द्वारा महाविद्यालय परिसर में 300 पौधे लगाये गए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थी।

---

# तुलसी जयंती में शामिल होने नाड़ी विशेषज्ञ पुरुषोत्तम राजापुर रवाना हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





संत मोरारी बापू द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित युगदृष्टा संत शिरोमणि तुलसीदास जयंती में बालोद जिले के नाड़ी विशेषज्ञ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत का दूसरी बार चयन हुआ है। इस वर्ष यह आयोजन संत श्री तुलसी दास की जन्मभूमि राजापुर में 28 से 31 जुलाई तक आयोजित है। जिसमें भाग लेने पुरुषोत्तम राजपूत अपने आराध्य भगवान हनुमान की पूजा अर्चना कर रवाना हुए। उनके इस उपलब्धि के लिए तुलसी मानस प्रतिष्ठान के पूर्वाध्यक्ष गोपाल वर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष मोहन लाल यादव, पुस्कर राजपूत, मणिकांत बघेल, योगेश्वर यादव, रमेश रावते, नेमी लाल साहू, मुरलीधर सोनगैर सहितनंदन सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर समिति, गुरुकृपा बाल संस्कार मानस परिवार, मुक्ताश्रम न्यास ने संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त किया।

---

# स्वस्थ शरीर के लिए खेल आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम बगदई में एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जइसके मुख्य अतिथि जनपद पंचायत गुरुर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू थे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत बगदई सुनीता सेवेंद्र ने की। विशेष अतिथि जनपद सभापति गुरुर लता लक्ष्मीचंद साहू एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान होता है, खेल के जरिए आप न सिर्फ अपना और देश का नाम रौशन कर सकते हैं, बल्कि खेल आपके निजी जीवन के लिए भी फायदेमंद होता है। स्वस्थ शरीर के लिए खेल आवश्यक है। खेल आपको भावनात्मक तौर पर मजबूत बनाते हैं और आपके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को भी पहचान दिलाता हैं।

---

# उधारी मांगने पर युवक ने किराना दुकान संचालिका से की गाली-गलौच

**बालोद।** गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कसौदा में एक महिला दुकानदार को उधारी रकम मांगना महंगा पड़ गया। आरोप गांव के युवक ने महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए उसकी दुकान में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित महिला ने आरोपी युवक सूरज सार्वे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम कसौदा में किराना एवं जनरल स्टोर संचालित करती है। कुछ दिन पहले सूरज सार्वे ने उसकी दुकान से उधारी में गुटखा लिया था। गुरुवार दोपहर को वह फिर दुकान पहुंचा और गुटखा लेकर 30 रुपये चुकाए। जब महिला ने पहले से बकाया उधारी की राशि मांगी तो सूरज सार्वे आगबबूला हो गया और उसे अपशब्द कहने लगा। महिला का छोटा बेटा हर्ष कुमार जब बीच-बचाव करने आया और सूरज को शांत करने की कोशिश की, तो युवक ने उसे भी गाली दी और दुकान के सामने रखे लकड़ी के काउंटर जिसमें कांच लगा था पर पास में पड़े ईंट से हमला कर उसे तोड़ डाला। घटना के बाद महिला ने तुरंत गुण्डरदेही थाने पहुंचकर आरोपी सूरज सार्वे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# कारगिल युद्ध में कौशल यादव ने सात पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



महाविद्यालय गुण्डरदेही में भारत के वीर सपूत कौशल यादव के शहीद दिवस के अवसर पर 25 जुलाई को श्रद्धांजलि सभा एवं एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने कौशल यादव के अदम्य साहस का उल्लेख करते हुए बताया कि कारगिल युद्ध के समय कठिन परिस्थितियों में भी अपने दल का नेतृत्व करते हुए सात से अधिक पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया एवं जुलू हिलटॉप को पाकिस्तानी घुसपैठियों से मुक्त कराया। इनका जीवन हमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान करने के लिए प्रेरित करता है। डॉ. अभिषेक कुमार पटेल ने बताया कि शहीद कौशल यादव ने 30 वर्ष की आयु में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। इसके लिए उन्हें वीरता चक्र से सम्मानित किया गया। शहीद कौशल को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगा कि हम देश के विकास, एकता एवं अखण्डता के लिए सदैव अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें, चाहे हम किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हों। कार्यक्रम का संचालन करते प्राध्यापक डॉ. केडी चावले ने बताया कि इस महाविद्यालय का नाम शहीद कौशल यादव के नाम पर है। हमें उनके पदचिन्हों पर चलते हुए अपने जीवन में देश को सबसे ऊपर रखने का प्रण लेना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने शहीद कौशल के जीवन पर अपने विचार रखे। महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर डीएस.सहारे, डॉ. आशीष कुमार भुई, शिखा श्रीवास्तव, ऋतु सोरी, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं ने शहीद कौशल यादव के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।






## खबर संक्षेप



### केंद्रीय राज्य मंत्री पहुंचे डौंडी भाजपाइयों ने की मुलाकात

**डौंडी।** भारत सरकार में ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी का डौंडी नगर के रेस्ट हाउस में आगमन हुआ, जिनसे ब्लॉक के भाजपाई मुलाक़ात कर उनका स्वागत किए। मुलाक़ात करने वालों में प्रमुखजनों में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंतिन चौरका, जनपद पंचायत डौंडी के अध्यक्ष मुकेश कोड़ों एवं डौंडी भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल, मंडल के कोषाध्यक्ष विशाल जैन, डौंडी मंडल महामंत्री हिंसाराम साहू एवं महावीर ठाकुर उपस्थित थे।

### कारगिल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर बच्चों ने भाषण, गीत के साथ घटनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रसंघ पदाधिकारियों ने भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर पल्लवी ठाकुर, निकिता पटेल, छयांक गुप्ता, मयंक साहू आदि ने अपनी भावनाये व्यक्त की। सुश्री टांक मेडम ने कारगिल दिवस से संबंधित कुछ प्रश्न पूछकर सामान्य जानकारी प्रदान की, संचालक ललित सिंह गौर ने कारगिल दिवस की घटनायें कब से प्रारंभ होकर कब तक चली तथा इसमें कितने लोग शहीद हुए उस पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के साथ गंजीरजी, सोनकलीजी, अनिल यादव, युवराज पटेल सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी शहीदों को 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### बारिश से बढ़ी रेनकोट-छाते की मांग



**दल्लीराजहरा।** मानसून की जबरदस्त दस्तक के साथ दल्लीराजहरा शहर में झमाझम बारिश का दौर लगातार जारी है। बीते कुछ दिनों से हो रही भारी वर्षा ने जहां जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं बारिश से बचाव के साधनों जैसे रेनकोट और छाते की डिमांड में जबरदस्त इजाफा देखा जा रहा है। शहर के प्रमुख बाजारों, खासकर स्टेशन रोड, गांधी चौक और पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में रेनकोट और छाते की अस्थायी और स्थायी दुकानें बड़ी संख्या में नजर आ रही हैं। दल्लीराजहरा स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, बारिश शुरू होते ही रेनकोट और छाते की बिक्री में 50 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। दुकानदारों ने बताया कि स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों तक हर वर्ग के लोग इन जरूरी वस्तुओं की खरीदारी में जुटे हुए हैं।

### 2.12 लाख रुपए का गांजा जब्त

**भिलाई।** लाखों रुपए का गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मेरठ यूपी निवासी मो. कैफ अब्बासी, जिला बागपथ यूपी उस्मान कुरैशी को पकड़ा गया। छावनी पुलिस ने आरोपियों के पास से एक खाखी रंग के 4 पैकेट में सेलोटेप से लपेट कर बीज युक्त हरीपत्ती दानेदार मादक पदार्थ जैसा गांजा जब्त किया। जिसका वजनी 21.393 किलो ग्राम है। जिसकी कीमत 2 लाख 12 हजार रुपए आंकी गई है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## बैठक : मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ब्लॉक के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक में चेताया

# स्वास्थ्य सुविधाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

जिले के स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके द्वारा ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली।

बैठक में गुण्डरदेही विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुन्दा में ब्लॉक अंतर्गत आने वाले सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र के सेक्टर मेडिकल ऑफिसर, सेक्टर सुपरवाईजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण महिला व पुरूष स्वास्थ्य संयोजक, सभी अस्पतालों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल. उइके ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को जानकारी दी। वहीं राष्ट्रीय कार्यक्रमों में लक्ष्य में कमी आने पर सीएमएचओ ने असंतुष्टि जताई। डॉ. उइके ने इस दौरान सभी को लक्ष्य पूर्ति के लिए कड़े निर्देश दिये। जिस पर मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने लक्ष्य को जल्द पूरा करने का भरोसा दिया।

सीएमएचओ डॉ. उइके सभी अधिकारी कर्मचारियों को आधार बेस उपस्थिति शत प्रतिशत रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी तरह की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस दौरान वहां मौजूद अधिकारी कर्मचारियों ने अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी और परेशानियों को भी सीएमएचओ के समक्ष रखा। जिस पर सीएमएचओ डॉ. उइके ने जल्द कमियां दुरूस्थ करने का भरोसा दिया। सीएमएचओ डॉ. उइके ने 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता से बनाये जाने के निर्देश दिया। इसके अलावा जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है उसे भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मारकण्डे, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक महतो, आरएमएनसीएच सलाहकार अरविंद मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बेलमांड का सांस्कृतिक मंच जर्जर, नवनिर्माण की मांग अब तक अधूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

बालोद जिला मुख्यालय से महज 9 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बेलमांड के ग्रामीणों की लंबे समय से की जा रही नवनिर्मित सांस्कृतिक कला मंच की मांग अब तक अधूरी है। ग्रामवासियों ने बताया कि वर्ष 1964-65 में निर्मित सांस्कृतिक कला मंच आज अत्यंत जर्जर हालत में पहुंच चुका है, परंतु शासन-प्रशासन की अनदेखी के कारण इसका जीर्णोद्धार नहीं हो पाया।

हरिभूमि से चर्चा में उपसरपंच महेंद्र शार्वा, ग्रामीण अध्यक्ष धनवाराम साहू, उपाध्यक्ष व पूर्व सरपंच बाल्मीकि साबरसाटी, हरिशंकर साहू, मिलन साहू, संतलाल साहू सहित अनेक ग्रामवासियों ने बताया कि गांव की जनसंख्या लगभग 1670 है और यह मंच गांव के हरियाली त्योहार, गणेश उत्सव, नवरात्रि, दशहरा, मंडई-मेला सहित सभी प्रमुख कार्यक्रमों का प्रमुख स्थल रहा है।

लेकिन वर्तमान स्थिति में भवन की दीवारें उखड़ चुकी हैं, छत से सरिए बाहर निकल आए हैं, और जगह-जगह घास-फूस और खरपतवार उग आए हैं। थोड़ी सी बारिश में छत टपकने लगती है, जिससे मंच पर कार्यक्रम करना असंभव हो गया है। अब ग्रामवासी मजबूर होकर भवन के बगल में अस्थाई स्टेज बनाकर आयोजन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से वे ग्राम सुराज, जनपद पंचायत, जिला पंचायत, जनदर्शन, उपमुख्यमंत्री कार्यालय व सांसद तक अपनी गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# समय मूल्यवान है, इसकी कीमत जीवन में समझे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

विकासखंड दुर्ग के स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट अंग्रेजी स्कूल निकुम में प्राचार्य एस देवराजन व पालक समिति अध्यक्ष दिलीप साहू के तत्वावधान में आओ स्कूल संवारे हम थीम की शुरुआत की गई। इसमें सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष निकुम व समाज सेवी भैया लाल साहू द्वारा स्कूल में सभी बच्चों को न्योता भोज के बाद मिठाई बाटी गई। लाल साहू द्वारा स्कूल के सभी कमरे प्राइमरी से हॉयर सेकंडरी में दीवाल घड़ी दी गई।

इस अवसर पर साहू ने कहा कि समय मूल्यवान है, इसकी कीमत जीवन में समझे, बच्चे पूरी मेहनत, लगन और लक्ष्य के साथ मेहनत करे तो जीवन में सफलता निश्चित मिलेगी, अपनी छोटी सी कोशिश से शिक्षा के मंदिर को संवारने सहयोग करें, ताकि बच्चों का भविष्य बेहतर हो।

गौर हो सेजस निकुम स्कूल में सहयोग करने कई आगे आ रहे हैं, वहीं इस अवसर पर प्राचार्य एस देवराजन ने बताया सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा, एक्टिविटी, खेल सहित सभी सुविधा मिले। इस अवसर शिक्षक खुशबू मिश्रा डॉ. दिव्या पवार, मनदीप कौर, निशि चंद्राकर, देवांगन, रिया भोयार, नेहा पिल्ले, साक्षी साहनी, कौशल जिज्ञासु, दीपक खत्री उपस्थित थे।

## बाबा दरबार धनोरा में डाक कांवड़ यात्रा 4 को

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बाबा दरबार पावन धाम धनोरा में इस वर्ष भी डाक कांवड़ यात्रा मनाने का निर्णय लिया गया है। 4 अगस्त को डाक कांवड़ यात्रा सुबह 6 बजे महावीर उद्यान से महमरा



घाट शिवनाथ नदी के लिए प्रस्थान होगी, जहां पहुंच कर नदी में स्नान करके भगवान शिवजी पर जल चढ़हा कर पूजा पाठ करेंगे। पश्चात फिर शिवनाथ नदी के जल सिधा महावीर उद्यान पहुंचे, जहां भोलेनाथ को जल समर्पित कर पूजा पाठ करेंगे। इसके बाद खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस डाक कांवड़ यात्रा में लक्ष्मण बाबा, विनोद साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू, बबलू गज्जू रायपुरीहा, भोलू साहू, खिलेशवर साहू, गुलाब साहू, योगेश साहू, कल्याण देवांगन, मारियल साहू, वासुदेव स्प्रे, उमेश साहू, दिनेश साहू, जीवराखन ठेकेदार, बाबू लाल साहू, नंद पंडा, ओमकार साहू, कुंभकरण पटेल, धनराज साहू, डॉ. धनेशवर साहू, राजेंद्र चंद्राकर, ललित साहू आदि शामिल होंगे।

# लोकेंद्र ने 18 शहीदों की प्रतिमा अनावरण के लिए पूर्व सैनिक संघ से मांगा सहयोग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अर्जुंदा तहसील अंतर्गत ग्राम देवगहन निवासी किसान लोकेंद्र साहू ने गांव में स्थापित 18 शहीदों की प्रतिमा के अनावरण को लेकर एक बार फिर पहल करते हुए बालोद जिले के पूर्व सैनिक संघ से सहयोग की अपील की है। इस संबंध में उन्होंने बालोद पहुंचकर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारियों से मुलाकात की और इस राष्ट्रीय गौरव से जुड़े कार्य में समर्थन मांगा। लोकेंद्र साहू पिछले दो वर्षों से इन प्रतिमाओं के अनावरण के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय, जिला प्रशासन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, दिल्ली तक अपनी आवाज पहुंचाई है। इसके साथ ही उन्होंने शहीद परिवारों के माध्यम से कांकेर सांसद भोजराज नाग और भाजपा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से भी संपर्क कर मुख्यमंत्री के हाथों प्रतिमा अनावरण की मांग की थी।

पूर्व सैनिक संघ जिला बालोद के अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, उपाध्यक्ष देवेन्द्र डड़सेना एवं अन्य पदाधिकारियों ने लोकेंद्र साहू को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि शहीदों की शहादत का सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है और इसके लिए जो भी आवश्यक होगा, हम पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। यह पहल न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि देने का एक प्रयास है, बल्कि युवाओं को देशभक्ति और बलिदान के महत्व से जोड़ने का भी एक संदेश है। किसान लोकेंद्र साहू की इस सामाजिक और देशभक्ति से ओतप्रोत पहल को लेकर अब क्षेत्र में जागरूकता बढ़ रही है और स्थानीय प्रशासन से भी अपेक्षा की जा रही है कि वे इस मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र अनावरण की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं।

# मुजालगोदी के कांवरियों ने अलोरी के शिव मंदिर में किया जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सावन महीने पर ग्राम मुजालगोंदी के कांवरियों ने हनुमान मंदिर से यात्रा निकाल 4 किमी की पैदल तुमगोंदी बांध शिव मंदिर अलोरी पहुंचे। शिव भक्तों ने वहां जलाभिषेक किया। कांवड यात्रा में पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों ने मुख्य मार्ग से अमलीपारा, पोंड, भैसमुडी होते बोल बम के जयकारे के साथ अलोरी के शिव मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। भक्त शिव मंदिर तक नाचते, गाते, झूमते हर हर महादेव के जयकारे करते चल रहे थे। कावड यात्रा में सांवत राम बर्मन, रेवा रमन खुराना, दयाराम मंडावी, अंगद साहू, अर्जुन यादव, देवेन्द्र कुमार, विष्णु मंडावी, मधु बर्मन, रुखमणी यादव शामिल थे।



## प्रशासन के आश्वासन बाद धरना प्रदर्शन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लाक के अन्तर्गत परसुली से आमापारा पहुंच मार्ग जर्जर हो गया है, जिससे शासन प्रशासन को मांग पत्र सौंपा गया था, जिसमें किसी प्रकार का संज्ञान में नहीं लेने पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था, मगर एसडीओ पीडब्ल्यूडी व कलेक्टर के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन स्थगित किया गया।इसमें मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव, जनपद सदस्य दुलारी देवांगन, परसुली सरपंच जुगा बाई, टोमेशवरी साहू पंच, गंगाधर साहू पंच, अध्यक्ष खेदुराम साहू, सचिव घनश्याम, टेकराम, साधु राम, डिशोक ठाकुर, नेतराम साहू, पोषण देवांगन समस्त ग्रामवासियों ने तहसीलदार व थाना प्रभारी देवरी को धरना स्थगित करने का आवेदन सौंपा।

# छात्राओं ने फौजी भाइयों के लिए बनाई राखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में स्काउट गाइड के विद्यार्थियों ने देश के सुरक्षा कर रहे फौजी भाइयों के लिए राखी बनायी। बच्चों द्वारा बनायी गयी राखियों को भारत स्काउट गाइड बालोद के माध्यम से फौजी भाइयों को भेजा जाएगा। आनंद पब्लिक स्कूल में गाइड प्रभारी नोम साहू के माध्यम से स्काउट गाइड के बच्चों को फौजी भाइयों के लिए राखी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रतीक जैन, उपाध्यक्ष संदीप जैन, सचिव दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, नोपचंद जैन, रवि जैन, प्रभा जैन, प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य साईनी मैथ्यूज, प्रधानपाठिका नोम साहू एवं स्काउट गाइड्स से जान्हवी साहू, हर्षिता लारेंद्र, छवि बघेल, लवली जैन, लक्ष्मी यदु, गीत जैन, शिवांशु साहू, रोशन साहू, स्वीकृति जैन, तान्या सिन्हा,अंतरा जैन, डिंपल साहू, तनीषा सोनकर, तोशिता भुआर्य आदि उपस्थित थे।

## सरपंच पर प्रताड़ना का लगाया आरोप

# पीएम आवास की किश्त रूकी, हितग्राही ने कलेक्टर से लगायी गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम अर्जुनी, ब्लॉक गुंडरदेही निवासी झम्मन दास पिता अर्जुन साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य में हो रही रुकावटों को लेकर पंचायत सरपंच हेमंत कुमार साहू पर गंभीर आरोप लगाए हैं। झम्मन दास का कहना है कि उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में आया है, जिसके बाद पंचायत द्वारा उन्हें निजी भूमि पर शासन के मापदंड के अनुसार आवास निर्माण की अनुमति दी गई थी।

झम्मन दास ने शासन द्वारा निर्धारित 270 स्क्वेयर फीट के स्थान पर 300 स्क्वेयर फीट में निर्माण किया, जिसे लेकर सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक ने निरीक्षण किया और कुछ बदलाव करने को कहा। झम्मन दास ने बताए अनुसार दीवार और बीम तोड़कर संशोधन किया। इसके बावजूद उन्हें पुनः विवाद में घसीटा गया और निर्माण को गलत ठहराया गया।




- जांच में जनपद ने निर्माणाधीन आवास सही

जनपद पंचायत द्वारा दो बार निरीक्षण के बाद निर्माण को सही पाया गया, फिर भी सरपंच द्वारा जियो टैगिंग की प्रक्रिया रोक दी गई। झम्मन दास को केवल पहली किस्त प्राप्त हुई है, जबकि उनका आवास छत ढलाई तक पहुंच चुका है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे निर्माण सामग्री विक्रेताओं का भुगतान करने में असमर्थ हैं और लगातार आर्थिक दबाव झेल रहे हैं।

झम्मन दास का आरोप है कि यह प्रताड़ना व्यक्तिगत रंजिश के चलते की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में वे भी सरपंच पद के लिए उम्मीदवार थे, परंतु विजयी नहीं हो पाए थे। 2016-17 में जब उनका नाम पहली बार पीएम आवास योजना की सूची में आया था, तब भी वर्तमान सरपंच द्वारा दावा-आपत्ति कर उनका नाम कटवाया गया था। झम्मन दास का यह भी आरोप है कि गांव के अन्य पात्र लोगों के नाम भी इसी प्रकार कटवाए गए हैं। जनदर्शन में आवेदन देने के बावजूद जब उन्हें पंचायत और जनपद स्तर पर न्याय नहीं मिला, तो उन्होंने कलेक्टर कार्यालय का रुख किया। लेकिन अधिकारियों द्वारा भूमि विवाद का हवाला देकर मामले को रोक दिया गया, जबकि झम्मन दास के अनुसार उनका ना तो परिवार से और ना ही पड़ोसियों से कोई जमीन संबंधी विवाद है। पीड़ित झम्मन दास ने शासन-प्रशासन से न्याय की मांग की है और प्रधानमंत्री आवास योजना की आगे की किस्त दिलाए जाने एवं जियो टैगिंग प्रक्रिया बहाल किए जाने की गुहार लगाई है।

